**विशेष खाद्यान्न कार्यक्रम के अधीन गुजरात के जिले**

1302. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विशेष खाद्यान्न कार्यक्रम के अन्तर्गत गुजरात के कौन-कौन से जिले शामिल किये गये हैं;

(ख) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कितने नलकूप तथा कुएं खोदे गए हैं;

(ग) उनका जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या यह सच है कि कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप नहीं हो रहा है और काम के निर्धारित कार्यक्रम का जिले-वार ब्यौरा क्या है ?

**कृषि मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम)** : (क) खेड़ा, जूनागढ, पंच महल, बदोदरा, सूरत, बलसाड, साबरकांठा और बनासकांठा नामक जिलों को उथले नलकूपों/खुदे कुओं का निर्माण करने के लिए विशेष खाद्यान्न कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया था।

(ख) 31 मार्च, 1992 तक 8,429 उथले/खुदे कुओं का निर्माण किया गया। यह कार्यक्रम 1988-89 से 1991-92 तक कार्यान्वित किया गया।

(ग) और (घ) जिलावार ब्यौरा इस प्रकार है :—

| जिले | निर्मित किए गए उथले/खुदे हुए कुएं |
|---|---|
| 1. खेड़ा | 1067 |
| 2. जूनागढ़ | 871 |
| 3. पंचमहल | 2227 |
| 4. बनासकांठा | 967 |
| 5. बालसाड़ | 999 |
| 6. साबरकांठा | 886 |
| 7. सूरत | 1082 |
| 8. बदोदरा | 330 |
| कुल | 8429 |

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उन्होंने समय-सारणी के अनुसार कार्य को अंजाम दिया है।

**राष्ट्रीय कृषि विस्तार परियोजना के अधीन गुजरात को विश्व बैंक की सहायता**

1303. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय कृषि विस्तार परियोजना के अन्तर्गत गुजरात को विश्व बैंक द्वारा कितनी सहायता दी गई है; और

(ख) उक्त परियोजना के अधीन पिछले दो वर्षों के दौरान किए गए कार्य का जिला-वार ब्यौरा क्या है ?

**गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री और कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री**